हादसा | थाना प्रभारी बाल-बाल बचे, बाजार आई महिला की मौत, बिछिया के बंजारी घाट पर एक के बाद एक दो हादसे, लगा लंबा जाम

# अनियंत्रित ट्राला ने पुलिस गाड़ी को मारी टक्कर





**भुआ बिछिया, नवभारत।** नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंजारी घाट के नीचे शुक्रवार साप्ताहिक बाजार के दौरान एक के बाद एक हुए दो भीषण हादसों से नेशनल हाईवे-30 पर हड़कंप मच गया।

इस दर्दनाक घटना में बाजार आई एक महिला की मौत हो गई, जबकि बिछिया थाना प्रभारी बाल-बाल बच गए।

### टक्कर के बाद मची भगदड़

पुलिस टीम जब जाम खुलवा रही थी, इसी दौरान बंजारी घाट से नीचे उतर रहा एक अन्य तेज रफ्तार ट्राला जो रायपुर से जबलपुर जा रहा था, उसका अचानक ब्रेक और स्टेयरिंग फेल हो गया। अनियंत्रित ट्राला ने मौके पर खड़ी पुलिस प्रशासन की शासकीय गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि थाना प्रभारी रंजीत सिंह सैयाम समय रहते दूर हट गए और बाल-बाल बच गए। इसके बाद भी ट्राला नहीं रुका और साप्ताहिक बाजार में आई एक महिला प्रेमवती पति बुधराम यादव, 55 वर्ष, निवासी कांसखेड़ा को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत स्थिति को संभाला और गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लोगों ने की सुरक्षा की मांग

हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग सुचारू कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने बंजारी घाट में भारी वाहनों की बेकाबू रफ्तार पर अंकुश लगाने और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### सरिया से भरा ट्रक पलटने से लगा जाम

जानकारी अनुसार पहला हादसा उस समय हुआ जब रायपुर से जबलपुर की ओर लोहे की सरिया लेकर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। ट्रक पलटने से उसमें लदी भारी सरिया नेशनल हाईवे पर बिखर गई, जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना प्रभारी रंजीत सिंह सैयाम तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सूझबूझ से यातायात व्यवस्था बहाल कराने में जुट गए।

# मारुति से 44 हजार की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

▸ मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हर्राटिकुर में दी दबिश



**मोहगांव।** मंडला जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में पुलिस अधीक्षक मंडला श्री राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी निवास पी.एस. वालरे के मार्गदर्शन में थाना मोहगांव पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध शराब के परिवहन का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और मौके से भारी मात्रा में मदिरा व एक कार जप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के माध्यम से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम हर्राटिकुर निवासी राजेश यादव के घर के पास खड़ी एक मारुति सुजुकी कार क्रमांक सीजी 09-2301 में भारी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए मोहगांव पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखकर वाहन के पास खड़े दो व्यक्ति खेतों की ओर भागने लगे। मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने पीछा करके एक आरोपी को धर दबोचा, जबकि दूसरा आरोपी खेतों और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

पुलिस द्वारा मौके पर जप्त मारुति कार की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान वाहन से कुल 64.2 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 44,060 रुपये आंकी गई है।

**मामले में तीन आरोपी नामजद, एक गिरफ्तार**-शराब तस्करी के इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों में राकेश कुमार झारिया पिता प्रेमकुमार झारिया, 35 वर्ष, निवासी देवगांव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं राजेश यादव पिता अमरसिंह यादव, निवासी हर्राटिकुर फरार है और दीपक शराब दुकान नारायणगंज, थाना टिकरिया का संलिप्तता मिली है। आरोपियों के विरुद्ध थाना मोहगांव में आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है और फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

**कार्रवाई में इस टीम की रही विशेष भूमिका-** इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक वेदराम हनोते के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बंदना शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रकुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक शिवा पटैल, आरक्षक नवीन उइके, आरक्षक हेमन्त मरावी, आरक्षक पूनाराम सल्लाम, चालक आरक्षक रेवा मरावी, एसएसयू संदीप पट्टा एवं सैनिक रघुनाथ मरावी की सराहनीय भूमिका रही।





# घोरेघाट पहुंचे विधायक, परिजनों को बंधाया ढांढस


▸ नारायण सिंह पट्टा ने मृतक के परिजनों को 20 हजार की तत्कालिक सहायता का दिया संबल


**घुघरी।** विकासखंड घुघरी के ग्राम घोरेघाट निवासी अनिल पड़वार की विगत दिनों हुई दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्याप्त है। इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को सांत्वना देने और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करने क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचे। विधायक पट्टा ने पीड़ित परिवार के सदस्य संदीप पड़वार सहित अन्य परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। बताया गया कि शोक मुलाकात के दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी फोन के माध्यम से पीड़ित सदस्य संदीप पड़वार से बात की। उन्होंने परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि दुख की इस घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास और संघर्ष करने का भरोसा दिलाया। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने पीड़ित शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करते हुए तत्काल बीस हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुघरी अध्यक्ष अरविंद कुमार कुशराम, समीर राठौर, जय सिंह मरावी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# आमादादर में मनाया माहवारी स्वच्छता दिवस

**निवास।** क्षेत्र के ग्राम आमादादर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और किशोरियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मास्टर ट्रेनर सतेंद्र सिंगरोरे एवं राजेश्वरी मरावी ने किशोरियों को माहवारी के दौरान बरती जाने वाली जरूरी स्वच्छता और सावधानियों के तरीके सिखाए। इसके साथ ही उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि इस दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या शारीरिक समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टरी परामर्श लें। इस मौके पर आशा कार्यकर्ता उमाबाई, साथिया पूनम, वैष्णो देवी, गजेंद्र और आंगनवाड़ी सहायिका सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।





# नश्वर संसार की आशा छोड़ो, हरि से नाता जोड़ो

▸ नेवासा में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भावुक हुए श्रद्धालु

**भुआ बिछिया।** बिछिया तहसील के ग्राम नेवासा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित मिथिलेश मिश्रा ने जीवन की नश्वरता का संदेश दिया। महाराज श्री ने मर्मस्पर्शी शब्दों में कहा कि इस नाशवान संसार में कोई किसी का नहीं है। मृत्यु के बाद पत्नी घर की देहली तक, बेटा अग्नि दान तक और रिश्तेदार केवल श्मशान तक ही साथ निभाते हैं। इसलिए संसार की झूठी आशा छोड़ मनुष्य को भगवान के भजन से नाता जोड़ना चाहिए।

कथा के दौरान उन्होंने पाश्चात्य सभ्यता पर प्रहार करते हुए बफर सिस्टम (खड़े होकर भोजन करने) की निंदा की। उन्होंने कहा कि खड़े होकर भोजन करना इंसानी स्वभाव नहीं बल्कि जानवरों की प्रवृत्ति है। इसमें अन्न की भारी दुर्गति होती है, इसलिए हमेशा बैठकर ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। कथा प्रसंगों में महाराज श्री ने अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार सहित राम व कृष्ण जन्म की दिव्य कथाएं सुनाईं। जब उन्होंने पिता के त्याग और समर्पण का वृत्तांत सुनाया, तो वे स्वयं भावुक हो गए, जिससे पूरा पंडाल अश्रुपूर्ण हो गया।

### राजपूत परिवार द्वारा किया जा रहा आयोजन

इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान टीकाराम, मोहन सिंह, रोशन सिंह, राजेंद्र सिंह, जीवन सिंह, उपेंद्र सिंह एवं समस्त राजपूत परिवार नेवासा हैं, जो क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ मिलकर प्रतिदिन विधि-विधान से पोथी पूजन और महाआरती संपन्न करा रहे हैं।

# बम्हनी पुलिस की दोहरी स्ट्राइक : भारी मात्रा में मदिरा के साथ दबोचे गए तस्कर

**मंडला/बम्हनी।** मंडला जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक मंडला श्री राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बम्हनी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी व देशी शराब, दो स्कूटी और मोबाइल जप्त किया है।





पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 मई को मुखबिर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक एक्टिवा स्कूटी में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर बम्हनी पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की। मौके पर पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें धर दबोचा।

बताया गया कि आरोपियों में कन्हैया उर्फ रवि सिरसम पिता तीरथ सिरसम, निवासी अंजनिया, थाना बम्हनी, जिला मंडला, अंकित कछवाहा पिता सुरेंद्र कछवाहा, निवासी सुभाष वार्ड, कृषि मंडी के पीछे, मंडला और इस मामले में एक अन्य आरोपी सोरभ नंदा निवासी कैकेरा, थाना बम्हनी की संलिप्तता भी पाई गई है, जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों के कब्जे से कुल 228 पाव अवैध अंग्रेजी शराब कीमत 84,928 और तस्करी में प्रयुक्त होंडा एक्टिवा स्कूटी कीमत 80 हजार जप्त की गई है।

**चित्रराही चंद्रपुरा मार्ग पर स्कूटी सवार से शराब बरामद**-इसी क्रम में पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की, जब चित्रराही चंद्रपुरा से बम्हनी की ओर आ रहे एक स्कूटी सवार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 53.700 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी अमित मसराम पिता महेश मसराम, निवासी पड़ाव, मंडला को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में 53,288 कीमत की शराब, एक एक्टिवा स्कूटी कीमत 40 हजार और 10 हजार मूल्य का 01 नग मोबाइल फोन जप्त किया गया। इस प्रकरण में कुल मसरूका 1,03,288 आंका गया है।

**2.68 लाख से अधिक का मशरूका जप्त**-बम्हनी पुलिस ने दोनों आबकारी मामलों को मिलाकर कुल दो लाख अड़सठ हजार दो सौ सोलह रुपये का मशरूका जप्त किया है। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। अवैध शराब के इस नेटवर्क को ध्वस्त करने में बम्हनी थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ का विशेष और सराहनीय योगदान रहा।

# आईपीएल की तर्ज पर हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में उमड़े दर्शक

▸ पिंडरई प्रीमियम लीग का हुआ समापन




**नैनपुर।** विकासखंड नैनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंडरई में पिछले एक महीने से खेल प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बना रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट पिंडरई प्रीमियम लीग विगत रात बेहद भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हो गया। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खिताबी महामुकाबले को देखने के लिए दूर-दराज से आए हजारों दर्शकों की भारी भीड़ से पूरा मैदान खचाखच भरा रहा। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष रूप से उपस्थित हुए।


**वरिष्ठ जनप्रतिनिधि रहे मौजूद** -कार्यक्रम के मुख्य संचालक आशीष जैन ने मंच के माध्यम से सहयोगी युवाओं की सराहना की। इस अवसर पर मंडला नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रजय जैन, पिंडरई सरपंच संदीप मरकाम, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष जैन, वरिष्ठ किसान नेता प्रमोद सिंह राजपूत, बलराम सिंह राजपूत एवं टैगोर शिशु निकेतन स्कूल के संचालक सुकीर्ति भूषण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

अनुपलब्धता | डीजल-पेट्रोल के लिए मची त्राहि-त्राहि, वाहन चालकों सहित किसान बेहाल

# घुघरी के तीनों पेट्रोल पंपों पर गहराया ईंधन संकट







**घुघरी, नवभारत।** विकासखंड मुख्यालय घुघरी में इन दिनों ईंधन की भारी किल्लत के चलते आम जनजीवन पूरी तरह से पटरी से उतर गया है। क्षेत्र में कहने को तो तीन-तीन पेट्रोल पंप संचालित हैं, लेकिन वर्तमान में तीनों ही पंपों पर पेट्रोल और डीजल की अनुपलब्धता के कारण स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी अनुसार ईंधन संकट की सबसे बड़ी और सीधी मार इस समय क्षेत्र के काश्तकारों व कृषकों पर पड़ रही है। वर्तमान में ग्रामीण अंचलों में आगामी फसलों को देखते हुए खेतों की जुताई, मेढ़ सुधार और कल्टीवेटर चलाने का कार्य जोरों पर चल रहा है। इन कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर और अन्य आधुनिक मशीनों को चलाने हेतु डीजल की सख्त जरूरत होती है, लेकिन स्थानीय पेट्रोल पंपों से डीजल गायब होने के कारण किसानों के सामने खेतों को समय पर तैयार करने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। परेशान किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही ईंधन नहीं मिला, तो उनकी बोआई और खेती का पूरा शेड्यूल बिगड़ जाएगा।

### वाहन चालकों की थमी रफ्तार, जनता में आक्रोश

पेट्रोल-डीजल के लाले पड़ने से केवल किसान ही नहीं, बल्कि आम दुपहिया और चार पहिया वाहन चालक भी बुरी तरह परेशान हैं। आवश्यक और आपातकालीन कार्यों से बाहर जाने वाले लोगों को पंपों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मजबूरन लोगों को ईंधन के लिए अन्य शहरों की ओर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। क्षेत्र में लगातार बनी इस समस्या के कारण अब आम जनता और किसानों में प्रशासन व पंप संचालकों के प्रति गहरा आक्रोश पनपने लगा है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि घुघरी मुख्यालय के पेट्रोल पंपों पर ईंधन की नियमित आपूर्ति तुरंत सुनिश्चित कराई जाए, ताकि इस समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

# नौतपा की भीषण गर्मी में कर रहे अग्नि तप की कठोर साधना

▸ लोक कल्याण और अच्छी बारिश के लिए पंचाग्नि के बीच बैठे संत श्री 108 अनिल बाबा



**निवास, नवभारत।** निवास क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र ग्राम बिझोली स्थित मां विंध्यवासिनी माता दरबार में इन दिनों धर्म, आस्था और घोर तपस्या का एक अनूठा व अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। ज्येष्ठ माह के नौतपा की इस भीषण और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच सुप्रसिद्ध संत श्री श्री 108 अनिल बाबा लोक कल्याण की कामना के लिए अखाड़े की धूनी और पंचाग्नि के बीच बैठकर अग्नि तप कर रहे हैं।

संत अनिल बाबा ने बताया कि यह अत्यंत कठिन और अलौकिक तपस्या क्षेत्र में सुख-शांति, आगामी मानसूनी सीजन में अच्छी वर्षा, समृद्धि और संपूर्ण जनकल्याण की भावना के साथ की जा रही है। नौतपा के सभी 9 दिनों तक वे जलती हुई पंचाग्नि के बीच बैठकर दिन-रात मां विंध्यवासिनी की विशेष आराधना और मंत्र जाप करेंगे। इस अलौकिक और विहंगम दृश्य के दर्शन करने और संत श्री का आशीर्वाद लेने के लिए बिझोली दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग पहुँच रहे हैं।

### अच्छी वर्षा के लिए की जाती है कठोर साधना

अग्नि तप सनातन धर्म में एक बेहद कठिन और सर्वोच्च धार्मिक साधना मानी गई है। संत अनिल बाबा ने बताया कि यह तप नौतपा के दौरान जब सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तब धरती पर भीषण गर्मी पड़ती है। ऐसे समय में साधक अपने चारों ओर उपलों (कंडों) या लकड़ियों की आग जलाता है और ऊपर से सूर्य की प्रचंड तपिश को सहते हुए एकाग्रचित्त होकर ध्यान लगाता है। इसमें चार दिशाओं में जलने वाली अग्नि और पांचवें सूर्य देव के ताप को मिलाकर इसे पंचाग्नि तप कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संतों द्वारा किए जाने वाले इस कठोर तप से देवराज इंद्र प्रसन्न होते हैं, जिससे क्षेत्र में समय पर और अच्छी मानसूनी बारिश होती है और अकाल व महामारियों से रक्षा होती है।